भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2813

गुरुवार, 4 जनवरी, 2018/14 पौष, 1939 (शक)

बालाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग

2813. श्री बोध सिंह भगतः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को मध्य प्रदेश सरकार की ओर से स्वीकृति हेतु बालाघाट और सिवनी जिले में सड़क/राजमार्ग के निर्माण के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री मनसुख एल. मांडविया)

(क) और (ख): गोंडिया - बालाघाट और सिवनी - बारघाट - बालाघाट रोड के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को तीन खंडों में विभाजित किया गया है जिसमें से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दो खंडों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है । लखनादोन - छपरा से राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 7 के चार-लेन बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है और राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 7 के मोहगावो - खवासा खंड को चार-लेन का बनाने के लिए बोलियां भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्राप्त कर ली गई हैं ।

*****